moneywise. be wise.

# दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट ( कृषि ) 15 मार्च 2024

## मसाले

| कमोडिटी | एक्सपायरी | स्टॉपलॉस 2 | स्टॉपलॉस 1 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 | रूझान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धनिया ( अप्रैल ) | 19-अप्रैल-24 | 7699.33 | 7818.67 | 7959.33 | 8078.67 | 8219.33 | मंदी |
| धनिया ( मई ) | 19-मई-24 | 8338.67 | 8177.33 | 8338.67 | 8177.33 | 8338.67 | मंदी |
| जीरा ( मार्च ) | 20-मार्च-24 | 23436.67 | 23883.33 | 24496.67 | 24943.33 | 25556.67 | मंदी |
| जीरा ( अप्रैल ) | 19-अप्रैल-24 | 22891.67 | 23523.33 | 24636.67 | 25268.33 | 26381.67 | मंदी |
| हल्दी ( अप्रैल ) | 19-अप्रैल-24 | 17914.67 | 18329.33 | 18724.67 | 19139.33 | 19534.67 | मंदी |
| हल्दी ( जून ) | 20-जून-24 | 18220.67 | 18581.33 | 19040.67 | 19401.33 | 19860.67 | मंदी |

## तिलहन एवं खाद्य तेल

| कमोडिटी | एक्सपायरी | स्टॉपलॉस 2 | स्टॉपलॉस 1 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 | रूझान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कैस्टरसीड ( मार्च ) | 19-मार्च-24 | 5748.33 | 5768.67 | 5789.33 | 5809.67 | 5830.33 | तेजी |
| कैस्टरसीड ( अप्रैल ) | 19-अप्रैल-24 | 5870.00 | 5898.00 | 5919.00 | 5947.00 | 5968.00 | साइडवेज |

## अन्य कमोडिटी

| कमोडिटी | एक्सपायरी | स्टॉपलॉस 2 | स्टॉपलॉस 1 | मध्य | रेजिस्टेंस 1 | रेजिस्टेंस 2 | रूझान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कपास ( अप्रैल-24 ) | 30-अप्रैल-24 | 1594.50 | 1602.50 | 1614.00 | 1622.00 | 1633.50 | मंदी |
| कोकूड ( मार्च ) | 19-मार्च-24 | 2618.00 | 2649.00 | 2676.00 | 2707.00 | 2734.00 | मंदी |
| कोकूड ( अप्रैल ) | 19-अप्रैल-24 | 2647.00 | 2678.00 | 2706.00 | 2737.00 | 2765.00 | मंदी |
| ग्वारसीड ( मार्च ) | 19-मार्च-24 | 5064.67 | 5103.33 | 5151.67 | 5190.33 | 5238.67 | मंदी |
| ग्वारसीड ( अप्रैल ) | 19-अप्रैल-24 | 5170.33 | 5200.67 | 5236.33 | 5266.67 | 5302.33 | मंदी |
| ग्वारगम ( मार्च ) | 19-मार्च-24 | 9831.33 | 9903.67 | 10027.33 | 10099.67 | 10223.33 | मंदी |
| ग्वारगम ( अप्रैल ) | 19-अप्रैल-24 | 10030.67 | 10105.33 | 10194.67 | 10269.33 | 10358.67 | मंदी |
| मेंथा ऑयल( मार्च ) | 30-मार्च-24 | 930.80 | 935.10 | 938.30 | 942.60 | 945.80 | तेजी |
| मेंथा ऑयल( अप्रैल ) | 30-अप्रैल-24 | 944.07 | 948.13 | 951.07 | 955.13 | 958.07 | तेजी |

**One has to follow the trend and see the price only at closing. This is not for Intra day trading.

# कृषि कमोडिटीज आउटलुक

## मसाले

वायदा कारोबार में मुनाफावसूली के कारण हल्दी की कीमतों में गिरावट हुई। वायदा और हाजिर कीमतों के बीच अंतर बढ़ने से एनसीडीईएक्स प्लेटफॉर्म पर मुनाफावसूली हुई। निजामाबाद बाजार में हल्दी वायदा और हाजिर कीमतों के बीच कीमतों का अंतर आमतौर पर 1000-1500 अंकों के बीच होता है, लेकिन यह 3000 के स्तर तक बढ़ गया क्योंकि हल्दी की कीमतें निजामाबाद बाजार में 16000 के करीब थीं और वायदा मंच पर 19000 पर है। कटाई गतिविधियों में प्रगति के साथ आपूर्ति में सुधार होना शुरू हो गया है, लेकिन कम उत्पादन के कारण अभी भी यह सामान्य से नीचे बनी हुई है। पिछले वर्ष के 18373 टन हल्दी के मुकाबले मार्च-24 में अब तक प्रमुख एपीएमसी बाजार में लगभग 9050 टन की आवक हुई है। हल्दी की मौसमी कीमतों से पता चलता है कि मार्च के दौरान कीमतें मुख्य रूप से त्योहारी खरीदारी के कारण बढ़ जाती हैं। पैदावार में गिरावट के बीच हल्दी के तहत कम उत्पादन क्षेत्र के कारण उत्पादन में लगभग 14% की गिरावट होने की संभावना है और यह 9.2-9.5 लाख टन के बीच रह सकता है। **हल्दी (अप्रैल) वायदा की कीमतें निकट भविष्य में 17700-19800 के दायरे में करोबार कर सकती है।**

बंपर उत्पादन की संभावना के मद्देनजर जीरा वायदा में नरमी के साथ कारोबार हुआ। कटाई गतिविधियों में प्रगति के साथ नई फसल की आपूर्ति शुरू हो गई है जिसका बाजार के सेंटीमेंट पर असर पड़ा है। मौजूदा दरों पर जीरा की कीमतें प्रतिस्पर्धी हो गई हैं, जिसने अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को आकर्षित किया है। जीरा के निर्यात के मौसम से पता चलता है कि मार्च-अप्रैल में त्योहारों के मद्देनजर मजबूत मांग की संभावनाओं के कारण फरवरी-मार्च के दौरान निर्यात मांग अधिक रहती है। बढ़ती मांग के साथ भारत से जीरा निर्यात दिसंबर-23 में बढ़ गया क्योंकि भारत ने पिछले वर्ष के 11.79 हजार टन की तुलना में दिसंबर-23 में लगभग 12.23 हजार टन का निर्यात किया। लेकिन अप्रैल-23-दिसंबर-23 के दौरान कुल निर्यात साल-दर-साल 30% कम होकर 96.7 हजार टन रहा। बंपर फसल की उम्मीद में बढ़त सीमित रहने की संभावना है। एफआईएसएएस के अनुसार खेती के क्षेत्र में पर्याप्त वृद्धि के कारण वर्ष 2024-25 के लिए उत्पादन 65% -70% बढ़कर 10.3 मिलियन बैग होने की संभावना है। **जीरा की कीमतें 22500-29000 के दायरे में कारोबार कर सकती है।**

बाजार में कमजोर उत्पादन अनुमान के कारण धनिया की कीमतें में तेजी की संभावना है। भारत के उत्तरी और मध्य भाग में हाल ही में हुई बारिश से उपज के नुकसान की आशंका से भौतिक बाजार में खरीदारी गतिविधियों को समर्थन मिला। उत्पादन क्षेत्र और उपज में गिरावट के कारण उत्पादन में साल-दर-साल लगभग 10-15% की कमी आने की संभावना है। भारत ने नवंबर-23 में पिछले वर्ष के 2.4 टन की तुलना में लगभग 3.05 हजार टन धनिया का निर्यात किया, जबकि अप्रैल-23-दिसम्बर-23 के दौरान कुल निर्यात पिछले वर्ष के 24.8 हजार टन के मुकाबले 78.47 हजार टन दर्ज किया गया, जो कि साल-दर-साल 215% अधिक है। **धनिया की कीमतें 7700-8300 के दायरे में रहने की संभावना है।**

## अन्य कमोडिटीज

बाजार में आपूर्ति में कमी के कारण कपास की कीमतों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। घरेलू बाजार में उत्पादन कम होने के कारण आवक की गति कम हो गई है। भारतीय कपास निगम द्वारा एमएसपी पर आक्रामक खरीदारी से भी कीमतों को स्थिर रहने में मदद मिली। कपास सीजन 2023-24 के दौरान, 21 फरवरी-24 तक सीसीआई ने एमएसपी ऑपरेशन के तहत 3265971 गांठों की खरीद की है। आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण कपास की कीमतें अधिक रहने की संभावना है क्योंकि आने वाले हफ्तों में आवक कम रहने की संभावना है क्योंकि वर्ष 2023-24 में अब तक लगभग 65%-68% आवक बाजार में पहुंच चुकी है। **एमसीएक्स पर कॉटन की कीमतों के 60500-62000 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है, जबकि कपास (अप्रैल 24) वायदा की कीमतों के 1590-1650 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।**

घरेलू बाजार में सप्लाई में कमी के कारण ग्वारसीड वायदा में तेजी की उम्मीद है। किसान अपनी उपज को प्रचलित दर पर जारी करने में अनिच्छुक हैं जिससे कीमतों में मजबूती आ सकती है। ग्वार डेरिवेटिव उत्पादों के सुस्त निर्यात की रिपोर्ट के कारण बढ़त सीमित होने की संभावना है। दिसंबर-23 में ग्वारखली का निर्यात साल-दर-साल 43% गिरकर 7.61 हजार टन हो गया। दिसंबर-23 में ग्वारगम निर्यात भी साल-दर-साल 6% कम होकर 19.7 हजार टन रह गया। अक्टूबर-23-दिसंबर-23 के दौरान ग्वार उत्पादों का कुल निर्यात साल-दर-साल 13% कम होकर 92.3 हजार टन रह गया। **ग्वारसीड की कीमतों को 5150 रू पर सपोर्ट मिल सकता है जबकि 5500 पर रेजिस्टेंस रह सकता है जबकि ग्वारगम की कीमतों के 9800-10600 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।**

स्थानीय बाजार में खरीदारी गतिविधियां बढ़ने से मेंथा ऑयल की कीमतें मजबूती पर कारोबार करने की संभावना है। घटती आपूर्ति और आगामी सीजन के लिए कमजोर उत्पादन अनुमान से कीमतों में मजबूती आने की संभावना है। लेकिन भारत से मेन्थॉल और मेंथा ऑयल के निर्यात में गिरावट के कारण बढ़त सीमित रहने की संभावना है। अप्रैल 2023 से अक्टूबर 2023 की अवधि के दौरान भारत से मेन्थॉल और मेंथा ऑयल के निर्यात में क्रमशः साल-दर-साल 15.9% की गिरावट के साथ 7.3 हजार टन और साल-दर-साल 19% की गिरावट के साथ 1.06 हजार टन रह गया है। **मेंथा ऑयल की कीमतें 960 पर मजबूत रेजिस्टेंस के साथ 915 रू पर सपोर्ट ले सकती है।**

बाजार में आपूर्ति कम होने के कारण अरंडी की कीमतों में बढ़ोतरी की उम्मीद है। लेकिन अरंडी के तेल, अरंडीकेक की निर्यात मांग कम होने के कारण कीमतों में बढ़त सीमित होने की संभावना है, जिससे आने वाले दिनों में पेराई गतिविधियां धीमी रहेंगी और इसका प्रभाव अरंडी की कीमतों पर दिखने की संभावना है। **अरंडी वायदा की कीमतों के 5700-6100 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।**

**आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com**

smc
moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।